**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**15.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

## ''आज के मुख्य समाचार''

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की धरती पर सकुशल वापसी–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं ने दी बधाई।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी व वित्तायोग के अध्यक्ष से मुलाकात कर प्रदेश के लिए मांगी मदद।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–प्राकृतिक आपदा से जल शक्ति विभाग को अब तक 5 सौ करोड़ का नुकसान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–आपदा पीड़ितों को समय पर मिले सहायता और पुनर्वास योजनाओं का लाभ।

**अब समाचार विस्तार से..........**

### एक्सिओम–लैंडिंग

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के चालक दल के तीन अन्य सदस्य अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 18 दिन के ऐतिहासिक मिशन के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान आज दोपहर बाद अमरीका के कैलिफ़ोर्निया के सैन डिएगो तट से दूर प्रशांत महासागर में उतरा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी पर उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष मिशन से अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी की सराहना की और कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इस यात्रा के दौरान समर्पण और साहस की भावना से लाखों लोग प्रेरित हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन – गगनयान की दिशा में एक मील का पत्थर है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी शुभांशु शुक्ला को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर हिमाचल में बाढ़ व भूस्खलन से हुए नुकसान से अवगत करवाया। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत व पुननिर्माण कार्यों में सहयोग व प्रदेश की कुछ सड़कों को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में शामिल करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले 16वें वित्तायोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया से भेंट कर हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने के हर संभव प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी राज्यों में अन्य राज्यों की तुलना में खर्च कई गुना अधिक होता है। इसलिए पहाड़ी राज्यों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में कम से कम दोगुना हिस्सा मिलना चाहिए। उन्होंने आयोग से राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित राजस्व संसाधनों को ध्यान में रखते हुए राजस्व घाटा अनुदान जारी रखने का आग्रह किया।

### जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज शिमला में आयोजित एक बैठक में भांग की खेती को वैध करने को लेकर बनाए जा रहे ड्राफ्ट रूल्स पर चर्चा हुई और विभिन्न पहुलाओं पर विचार–विमर्श किया गया। ड्राफ्ट रूल्स संशोधन के बाद ये एजेंडा मंत्रिमंडल की बैठक में ले जाने का निर्णय लिया गया।

## धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल स्थित भरनाल में दीनबंधु सेवा मण्डल द्वारा संचालित बाल गृह का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना और उनके रहन–सहन व शिक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से बातचीत के दौरान उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी व मेहनत को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं और भविष्य में भी उनकी जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## अनिरूद्ध सिंह

पंचायत प्रतिनिधियों के विरोध और इस्तीफे के चलते शिमला जिला के बसंतपुर विकासखंड की चेबड़ी पंचायत में अब शराब का ठेका नहीं खुलेगा। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों के विरोध के बाद ठेके को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं।

## सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि पार्टी के सभी नेता प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के पहले दिन से ही फील्ड में उतरकर काम कर रहे हैं ना कि राजनीति। सुरेश कश्यप ने आज शिमला में कहा कि पार्टी के सभी सातों सांसदों ने राहत सामग्री एकत्र करने और उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सांसद निधि के पैसे का भी आपदा से हुए नुकसान के राहत कार्यों में इस्तेमाल किया जाएगा। कश्यप ने कहा कि अभी तक प्रदेश को केंद्र से आपदा से निपटने के लिए पांच हजार एक सौ 52 करोड़ रूपए की राहत राशि मिली है।

## मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा से जल शक्ति विभाग को पांच सौ करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। सबसे अधिक दो सौ करोड़ रूपए का नुकसान सराज विधानसभा क्षेत्र में हुआ है।

अग्निहोत्री ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार राहत व पुनर्वास कार्यों में काई कमी नहीं छोड़ रही है। उन्होंने ये भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सराज से हैं और उनका दर्द भी जायज है, लेकिन कांग्रेस आपदा में राजनीति नहीं करती।

**अध्यक्ष का फैसला कांग्रेस हाई कमांड को करना है यह हमारे क्षेत्र का मसला तो है नहीं। कांग्रेस हाईकमांड से हमने आग्रह किया है कि जल्दी से जो भी कॉल लेनी है अंतिम फैसला करना है आप करें, ताकि आर्गेनाइजेशन को इंप्लेस किया जा सके।बारे प्रदेश में ऑर्गनाइजेशन है नहीं और अब सिर्फ हमारे पास अध्यक्ष है। मुझे लगता है कि हाईकमांड कुछ ना कुछ फैसला जल्द करेगी और हमने रिक्वेस्ट भी की है। कांग्रेस हाईकमांड से कि आप जल्दी से इस बारे में फैसला लेके आर्गेनाइजेशन को इंप्लेस करें।**

अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष किसको बनाना है ये पार्टी हाईकमान को तय करना है लेकिन संगठन के गठन में देर नहीं होनी चाहिए।

**मंडी में भारी भरकम नुकसान हुआ है नहीं है और खासकर राज कांस्टीट्यूएंसी बहुत बुरी तरह इफेक्ट हुई है नेता प्रतिपक्ष की कांस्टीट्यूएंसी है वह इससे इमोशनली भी जुड़े हुए हैं लेकिन सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं जो हमने रखी है। इस वक्त कोई क्षेत्र नहीं देखा जाता, कोई विधायक नहीं देखा जाता, उस समय तो हिमाचल देखा हटा है। हम आपदा में राजनीति करने वाले लोग नहीं है, हमारे से जितना संभव हो पाएगा, उतना हम करेंगे।**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआरटीसी चालकों और परिचालकों की मांगों को वार्ता कर सुलझा लिया जाएगा।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि आपदा प्रभावित लोगों को राहत के साथ–साथ पुनर्वास के लिए एक जुट होकर काम करना होगा। जयराम ठाकुर ने आज मंडी में कहा कि भाजपा प्रभावित के पुनर्वास के लिए जी जान से जुटी है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि प्रभावितों को सहायता और पुनर्वास योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। उन्होंने पुनर्वास के लिए जनसहयोग की भी अपील की और सरकार से प्रभावितों की अधिकारिक सूची जल्द जारी करने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने ये भी कहा कि वे आपदा प्रभावितों का हर जगह व उचित मंचों पर पक्ष रखेंगे। उन्होंने आपदा प्रभावितों को मिल रहे जन सहयोग को अकल्पनीय करार दिया।

**नरेश चौहान**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहाकार नरेश चौहान ने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश को मदद की अत्याधिक जरूरत है और केंद्र सरकार को विशेष राहत पैकेज देना चाहिए। नरेश चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मंडी जिला के सराज में आपदा से सबसे अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को नये घर बनाने के लिए वन भूमि आवंटित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। नरेश चौहान ने भाजपा सांसदो से अपील की है कि वे इस कार्य में सरकार की मदद करें और केंद्र से ये हक दिलाएं।

***मानसून जब से आया है, हिमाचल में बहुत नुकसान हुआ, इसको लेके माननीय मुख्यमंत्री जी ने खुद दौरा भी किया था और लोगों को किस तरह से बसाना है, कितने लोगों के घर बह गए हैं, उसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कल जो है दिल्ली फाइनेंस मिनिस्टर है उनसे मुलाकात की है, जो ये आपदा हमारे प्रदेश के अंदर आई है, जिसमें तकरीबन एक हजार करोड़ रुपए का जो नुकसान अभी तक हो चुका है, हम चाहते हैं कि जल्दी से कुछ राहत जो है भारत सरकार से हमें मिले और उसको हम इमीडिएटली लोगों तक पास ऑन करें जिनको इसकी जरूरत है और हमने खुद भी अपने रिसोर्स से हर तरह के मदद है।***

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आगामी 20 जुलाई तक प्रदेश के किन्नौर और लाहौल स्पिति जिलों को छोड़ कर अन्य सभी दस जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। प्रदेश में भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण अभी भी एक सौ 99 सड़कें बंद हैं जबकि बिजली के 68 ट्रांसफार्मर और एक सौ 71 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में प्रदेश में अब तक एक सौ 6 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 35 लोग लापता हैं। इनमें से सर्वाधिक 27 लोग मंडी जिला में लापता हैं।

**बैड़मिंटन**

शिमला जिला स्तरीय महिला व पुरूष बैड़मिंटन प्रतियोगिता 23 से 27 जुलाई तक इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के संयोजक बलवंत झौटा ने कहा कि प्रतियोगिता के पहले तीन दिन 11 वर्ष से 17 वर्ष तक की आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के मुकाबलें होंगे। इसके उपरान्त अंडर 19 और सीनियर वर्ग में महिला व पुरूषों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। ये निर्णय शिमला जिला बैड़मिंटन एसोसिएशन की बैठक में लिया गया। ये भी फैसला हुआ कि शिमला जिला मास्टर बैड़मिंटन चैंपियनशिप अक्तूबर महीने के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगी।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की धरती पर सकुशल वापसी–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं ने दी बधाई।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी व वित्तायोग के अध्यक्ष से मुलाकात कर प्रदेश के लिए मांगी मदद।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–प्राकृतिक आपदा से जल शक्ति विभाग को अब तक 5 सौ करोड़ का नुकसान।

  और

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–आपदा पीड़ितों को समय पर मिले सहायता और पुनर्वास योजनाओं का लाभ।

———————————————————————————————————